**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 2801**

**Series : Sec. M/2016**

रोल नं० ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ **SET : A**

# हिन्दी

*(Academic)*

**2nd Semester**

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

**(Morning Session)**

*समय : 2½ घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80*

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **13** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

**नोट :** *(i)* ***सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।***

*(ii)* *शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



Download from www.MsEducationTv.com

## खण्ड – क

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 6 = 12$

(क) प्रत्युपकार, वागीश (सन्धि-विच्छेद कीजिए)

(ख) तत्पुरुष समास किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ग) अभिजात, तीर (***दो-दो*** अनेकार्थवाची शब्द लिखिए)

(घ) अमर, जटिल (विलोम शब्द लिखिए)

(ङ) सम्मेलन, निर्जीव (उपसर्ग छाँटिए)

(च) अयोगवाह किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

**2.** निम्नलिखित पंक्तियों में अलंकार छाँटिए : $1 \times 3 = 3$

(i) धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात

(ii) भूली-सी एक छुअन

(iii) जटिल तानों के जंगल में

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(क) जल ही जीवन है

(ख) भारत में आतंकवाद

(ग) आधुनिक युग में विज्ञान

(घ) जनसंख्या एक समस्या है

(ङ) मेरी प्रिय पुस्तक



Download from www.MsEducationTv.com

**4.** योग-प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

विद्यालय में स्वच्छता की आवश्यकता विषय को लेकर अपने मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**खण्ड – ख**

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के ***सही*** विकल्प छाँटिए : $1 \times 8 = 8$

(क) 'अनहद' शब्द का अर्थ है :

(i) हताहत (ii) आहत

(iii) असीम (iv) अलंकृत

(ख) चट्टान के समान भारी स्वर किसका कहा गया है ?

(i) मुख्य गायक का (ii) संगतकार का

(iii) श्रोताओं का (iv) प्रशंसक का

(ग) 'प्रामाणिक' शब्द का अर्थ है :

(i) प्रमाद (ii) सत्य

(iii) मूँगा (iv) मोती

(घ) नारी जीवन के बन्धन हैं :

(i) गृह-क्लेश (ii) नित्य कार्य

(iii) रिश्ते (iv) वस्त्र और आभूषण



Download from www.MsEducationTv.com

(ङ) 'छाया मत छूना' कविता में किसका वरण करने की बात कही गई है ?

(i) जो न मिला हो (ii) भविष्य का

(iii) ईश्वर का (iv) खुशियों का

(च) पथ न दिखने पर साहस कैसा होता है ?

(i) अपार (ii) आनन्दमय

(iii) दुविधा-हत (iv) अकथनीय

(छ) नदियों के पानी का जादू क्या है ?

(i) तरलता (ii) प्रवाह

(iii) शीतलता (iv) फसल

(ज) 'अनिमेष' शब्द का अर्थ है :

(i) अनर्गल (ii) अपलक

(iii) असंसर्ग (iv) अनियमित

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

यश है या न वैभव है, मान है न सरमाया,
जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया।
प्रभुता का शरण-बिम्ब केवल मृगतृष्णा है,
हर चन्द्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।



Download from www.MsEducationTv.com

(i) 'सरमाया' का क्या अर्थ है ?

(ii) मृगतृष्णा किसे कहा गया है ?

(iii) 'चन्द्रिका' का प्रतीकार्थ क्या है ?

(iv) मानव क्या पाने के लिए दौड़ता है ?

(v) 'कृष्णा' शब्द का अर्थ लिखिए।

**7.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} = 3$

कहीं पड़ी है उर में, मंद-गंध-पुष्प माल,

पाट-पाट शोभा श्री, पट नहीं रही है।

**8.** (क) 'उत्साह' कविता में निहित उपदेश लिखिए। 2

(ख) 'यह दंतुरित मुसकान' कविता की चेतना का वर्णन कीजिए। 2

**खण्ड – ग**

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों के ***सही*** विकल्प चयनित कर लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(क) संस्कृति का परिणाम क्या है ?

(i) सभ्यता (ii) स्वर्ग

(iii) मोक्ष (iv) कल्पना

(ख) सबसे अधिक उपयोग में आने वाले और सबसे कम समझ में आने वाले शब्द हैं :

(i) माता-पिता (ii) आत्मा-परमात्मा

(iii) जीवन-मरण (iv) सभ्यता-संस्कृति



Download from www.MsEducationTv.com

(ग) मुहर्रम से संबद्ध मुस्लिम महापुरुष का नाम है :

(i) मोहम्मद साहब (ii) इमाम हुसैन

(iii) मंसूर (iv) नौशाद

(घ) बिस्मिल्ला खाँ साहब के जन्म स्थान का नाम है :

(i) कोसम (ii) जलगाँव

(iii) डुमराँव (iv) दरियापुर

(ङ) सीता ने जिस शास्त्र के ज्ञान का परिचय दिया, उसका नाम है :

(i) योगशास्त्र (ii) सांख्यशास्त्र

(iii) नीतिशास्त्र (iv) धर्मशास्त्र

(च) बहुत व्यापक शब्द है :

(i) शिक्षा (ii) गणित

(iii) अर्थशास्त्र (iv) राजनीति विज्ञान

(छ) मन्नू भंडारी के पिता के अंतरंग मित्र थे :

(i) डॉ० श्यामसुन्दर दास (ii) डॉ० अंबालाल

(iii) डॉ० बड़थ्वाल (iv) डॉ० गुलाब राय

(ज) जैनेन्द्र के उपन्यास का नाम है :

(i) सुनीता (ii) परिणीता

(iii) निवेदिता (iv) हर्षिता



Download from www.MsEducationTv.com

**10.** निम्नलिखित गद्यावतरण को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

अपने ऊहापोहों से बचने के लिए हम स्वयं किसी शरण, किसी गुफा को खोजते हैं जहाँ अपनी दुश्चिताओं को छोड़ सकें और वहाँ से फिर अपने लिए एक नया तिलस्म गढ़ सकें। हिरन अपनी ही महक से परेशान पूरे जंगल में उस वरदान को खोजता है जिसकी गमक उसी में समाई है। अस्सी वर्ष से बिस्मिल्ला खाँ यही सोचते आए हैं कि सातों सुरों को बरतने की तमीज उन्हें सलीके से अभी तक क्यों नहीं आई।

(i) 'ऊहापोहों' शब्द का क्या अर्थ है ?

(ii) मानव किसी की शरण में क्यों जाना चाहता है ?

(iii) हिरन के पास कौन-सा वरदान है ?

(iv) सात सुर किसके हैं ?

(v) 'सलीके' शब्द का क्या अर्थ है ?

**11.** (क) मन्नू भंडारी में बीसवीं शती की चिर प्रतीक्षित खुशी किसे कहा है ? 2

(ख) प्राकृत भाषा की महिमा का वर्णन कीजिए। 2

**12.** मन्नू भंडारी ***अथवा*** भदंत आनंद कौसल्यायन का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 3



Download from www.MsEducationTv.com

**खण्ड – घ**

**13.** ***कृतिका (भाग – 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'सड़क सुरक्षा' कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(ख) लेखन में भीतरी प्रेरणा की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

(ग) पत्थर पर मूर्तिमान दुःखद कहानी पर कुछ वाक्य लिखिए।

(घ) दुलारी के देश-प्रेम का वर्णन कीजिए।

(ङ) टुन्नू के पिता के व्यक्तित्व की विवेचना कीजिए।



Download from www.MsEducationTv.com